संख्या-3/4585/38-3-2013-5(अधि0)/2012टीसी

प्रेषक,

सुभाष चन्द्र त्रिवेदी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उ0प्र0लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 19 दिसम्बर, 2013

विषय- ग्राम विकास अधिकारी के रिक्त पदों पर भर्ती के सम्बन्ध में।

महोदय,

ग्राम्य विकास विभाग के अधीन ग्राम विकास अधिकारी के 3002 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आनलाइन आवेदन-पत्र प्राप्त किये जाने की अंतिम तिथि दिनांक 21.12.2013 तक बढाये जाने विषयक शासन के पत्र संख्या-4402/38-3-2013-5(अधि0)/2012टीसी दिनांक 18 नवम्बर, 2013 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- ग्राम विकास अधिकारी के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आनलाइन आवेदन-पृ प्राप्त करने की अंतिम तिथि एक माह बढाकर 21 जनवरी, 2014 किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त निर्णय के अनुसार ग्राम विकास अधिकारी के पद पर चयन/भर्ती हेतु पुन: प्रेस विज्ञप्ति, रेडियो, दूरदर्शन एवं समाचार पत्रों के माध्यम से निर्देश प्रसारित करते हुए तदनुसार वेबसाइट में व्यवस्था कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुभाष चन्द्र त्रिवेदी)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in